B

# ANNUAL EXAMINATION MODEL QUESTION MARCH 2021

**STD. X** **Third Language**

**Time : 90 minutes** **HINDI** **Total Score : 40**

**सामान्य निर्देश :**

- पहले 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- सूचनाएँ ध्यान से पढें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखने का समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- 1 से 31 तक के प्रश्नों केलिए अधिकतम अंक 40 है ।

Score

**सूचना : सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 5 तक के उत्तर लिखें ।**

एक दिन सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया । पर शायद जिस गलती को पाकर वे उसके बाल पकडकर फेंकनेवाले थे, वह गलती ही नहीं । उन्होंने बेला को छोड दिया । बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था। उसने देखा कि बेला के पाँव अभी भी काँप रहे हैं। जैसे वह खडे-खडे अभी गिर जाएगी। सुरेंदर जी माटसाब कॉपी को उसके बैठने की जगह पर फेंकते हुए कहा, " बैठ अपना जगह पर ।" बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं । वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह असके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

1. **' शर्मिंदा महसूस करना '**– का मतलब क्या है ? 1

(क) उल्लासित होना (ख) परिवर्तित होना (ग) अपमानित होना (घ) दुखित होना

2. ' माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं ।'- बेला ऐसा क्यों सोचती है ? 2

3. बेला उस दिन के घटना के बारे में अपनी डायरी लिखता है । **बेला की** उस दिन की **डायरी** लिखें । 4

4. स्कूल से घर जाते समय साहिल और बेला इस घटना के बारे में बातें करते हैं ।
साहिल और बेला के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें । 4

5. कॉपी जाँचते वक्त गणित के माटसाब ने बेला नामक की पाँचवीं कक्षा में पढती लडकी के बालों में पंजा फँसाया।
इस घटना के आधार पर **रपट** तैयार करें। 4

**सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता की पंक्तियाँ पढें और प्रश्न 6 से 9 तक के उत्तर लिखें ।**

मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत !
क्या जाने ; कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए !

6. **' दुस्साहसी अभिमन्यु '**- में विशेषण शब्द कौन-सा है ? 1

7. ' लेकिन मुझे फेंको मत । '- यह किसकी प्रार्थना है ? 1

(क) अभिमन्यु (ख) रथ (ग) टूटा पहिया (घ) सेना

8. अभिमन्यु को दुस्साहसी क्यों कहा गया है ? 2

9. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन **पंक्तियों का आशय** लिखें । 4

**सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढें और प्रश्न 10 से 13 तक के उत्तर लिखें ।**

मोरपाल की मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं । हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला -बदली का । यानी मेरे टिफिन के राजमा -चावल उसके और उसके घर से आया बडा -सा छाछ का डिब्बा मेरा । उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है । मोरपाल ने मेरे टिफिन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था । वह हमारे स्कूल के पंद्रह किलोमीटर दूर के किसी गाँव से साईकिल चलाता रोज़ स्कूल आता था।

10. **सही वाक्य चुनकर लिखें ।** 1

(क) हम स्कूल जाया करता था । (ख) हम स्कूल जाये करते थे ।
(ग) हम स्कूल जाया करते थे । (घ) हम स्कूल जायी करती थी ।

SREEJITH R. KOVOOR, VARKALA

11. मोरपाल के लिए खास चीज़ थी राजमा । क्यों ? 2

12. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। 4

13. मोरपाल की पढाई आठवीं कक्षा के बाद छूट जाता है । इसपर मिहिर बहुत दुखी है ।
 - इसके आधार पर अपने मित्र के नाम मिहिर का **पत्र** तैयार करें । 4

**सूचना : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी का यह अंश पढें और प्रश्न 14 से 17 तक के उत्तर लिखें ।**

सडक पर घायल पडे अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते ? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है । यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह " जानने " की याद दिलाती है ।

14. **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें ।** 1

वह मेरी हालत जानता है । उसको मेरी हालत मालूम होगी ।

वे मेरा हाल जानते हैं । ----------------------------।

15. घायल पडे व्यक्ति के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए ? अपना विचार प्रकट करें । 2

16. **संबंध पहचानें, सही मिलान करें ।** 4

| | |
|---|---|
| हताशा से एक व्यक्ति | मेरे हाथ बढाने को जानते थे । |
| मैं उस व्यक्ति को नहीं जानता था | सडक के किनारे बैठा था । |
| मुझे वह नहीं जानता था | साथ साथ चलने को जानता था । |
| दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे | हताशा को जानता था । |

17. सडक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल पडा । किसीने उसकी सहायता नहीं की । बहुत समय तक वह सडक पर ही पडा रहा ।
 - इस घटना पर एक **रपट** लिखें । 4

**सूचना : ' सबसे बडा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढें और प्रश्न 18 से 22 तक के उत्तर लिखें ।**

अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खडे होकर तालियाँ बजाईं । कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार ... ।
दुनिया के सबसे बडे शो मैन का यह पहला शो था। उसने जन्म ले लिया था।

18. **सही विकल्प चुनकर लिखें ।** 1

(क) तू + की = तेरी (ख) तुम + की = तेरी (ग) मैं + की = तेरी (घ) हम + की = तेरी

19. ' चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार ... ।'- माँ का शो आखिरी हो जाने का कारण क्या था ? 2

20. **चार्ली चैप्लिन और माँ के बीच की बातचीत को आगे बढाएँ ।** ( चार विनिमय ) 4

माँ - आज तूने कमाल कर दिया बेटे !

चार्ली – लेकिन मैं खुश नहीं हूँ, अम्मा ।

---- - ------------------

21. अपनी पहली शो का जिक्र करके चार्ली उस दिन की डायरी लिखता है । चार्ली की **डायरी** कल्पना करके लिखें । 4

22. **अप्रैल 16** चाप्लिन के जन्मदिन के अवसर पर आपके स्कूल में **हिंदी समिति के नेतृत्व** में **चाप्लिन की फिल्मों का प्रदर्शन** होनेवाला है । **फिल्मोत्सव** केलिए एक **पोस्टर** तैयार करें । 4

**सूचना : ' दिशाहीन दिशा ' यात्रावृत्त का यह अंश पढें और प्रश्न 23 से 27 तक के उत्तर लिखें ।**

बूढे मल्लाह ने एक गज़ल छेड़ दी । उसका गला काफी अच्छा था और सुनाने का अंदाज़ भी शायराना था । काफी देर चप्पुओं को छोडे वह झूम –झूमकर गज़लें सुनाता रहा । एक के बाद दूसरी, फिर तीसरी । मैं नाव में लेटा उसकी तरफ़ देख रहा था । उस सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद लगाए था । गले में बनीयान तक नहीं थी । उसकी दाढी के ही नहीं छाती के भी बाल सफेद हो चुके थे । जब वह चप्पू चलाने लगता तो उसकी मांसपेशियाँ इस तरह हिलतीं जैसे उसमें फौलाद भरा हो ।

23. **' गला काफी अच्छा था '** का मतलब क्या है ? 1

(क) आवाज़ मीठी थी । (ख) आवाज़ फुसफुसी थी ।

(ग) आवाज़ खराब थी । (घ) आवाज़ कमज़ोर थी ।

SREEJITH R KOVOOR VARKALA SCRIPS

24. **नमूने अनुसार वाक्य बदलकर लिखें ।** 1

हम लौट जाएँ । हम लौट जाएँगे ।
आप काम करें । आप काम ------- ।

25. ‘ उसके खामोश हो जाने से सारा वातावरण ही बदल गया । ‘– इससे आपने क्या समझा ? 2

27. बूढे मल्लाह ‘ अब्दुल जब्बार ‘ की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें । 4

* मेहनती * सादा जीवन बितानेवाला * अच्छा गज़ल गायक
* खुश मिज़ाज़ * विनयशील * गरीब

**सूचना : ‘ ठाकुर का कुआँ ’ कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 27 से 29 तक के उत्तर लिखें ।**

गंगी ने पानी न दिया । खराब पानी से बीमारी बढ जाएगी इतना जानता थी , परंतु यह न जानता थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है । बोली – “ यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन–सा जानवर मरा है । कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ । “ जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा –“ पानी कहाँ से लाएगी ? ”
“ ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं । क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ? ”

27. गंगी ने जोखू को पानी न दिया । क्यों ? 1

(क) पानी अत्यधिक ठंड था । (ख) पानी अत्यधिक गरम था ।
(ग) पानी खराब था । (घ) पानी नहीं उबाला था ।

28. “ पानी कहाँ से लाएगी ? “– जोखू के इस कथन पर आपका विचार क्या है ? 2

29. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें । 4

**सूचना : ‘ गुठली तो पराई है ’ कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 30 से 31 तक के उत्तर लिखें ।**

इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए । गुठली बडी उत्सुक थी । जैसे –तैसे पूजा–पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया । वह ताऊजी के पास जाकर बोली, “ देखिए, भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ?” ताऊजी बोले, “ भूला नहीं है रे ... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते । “

30. ‘ गुठली का नाम कार्ड पर नहीं था ।‘- कारण क्या था ? 1

(क) केवल परिवार के बडों का नाम कार्ड पर छपते थे। (ख) कार्ड में गुठली का नाम छपने की जगह नहीं थी।
(ग) घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते थे। (घ) अपना नाम छपना गुठली को पसंद नहीं था।

31. ‘ **लडकियों को समानता का अधिकार है** ’- इस विषय पर **टिप्पणी** तैयार करें । 4

* घर में अन्य होने का अनुभव * परिवार में उचित स्थान का अभाव
* समाज में भेदभाव * लडका-लडकी समान

SREEJITH P. KOVOOR, VARKALA SERIES